प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ संसद का बजट सत्र शुरू : राष्ट्रपति ने कहा– विकसित भारत जी राम जी अधिनियम से ग्रामीण विकास को मिलेगी गति।
2. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत पांच लोगों का आज बारामती में विमान हादसे में निधन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर जताया दुख, जान गंवाने वालों में जौनपुर की पिंकी माली भी शामिल।
3. मुख्यमंत्री ने सिद्धार्थनगर महोत्सव में एक हजार 52 करोड़ रुपये की 229 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– गोरखपुर–शामली इकोनॉमिक कॉरिडोर से खुलेगा पूर्वांचल के विकास का रास्ता। और
4. थाईलैंड की महारानी 70 सदस्यीय दल के साथ दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर पहुंची कुशीनगर : कल महापरिनिर्वाण मंदिर में करेंगी विशेष पूजा।

———————————

संसद का बजट सत्र आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित

भारत जी–राम–जी कानून लागू किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि नए कानून के अंतर्गत गांव में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है। यह भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को रोकने में भी सहायक होगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से आज सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लगभग 95 करोड़ भारतीयों को मिल रहा है। बाइट......

*'सबका साथ, सबका विकास' का विजन देश के हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक प्रभाव ला रहा है। वर्ष 2014 की शुरूआत में सिर्फ 25 करोड़ नागरिकों तक ही सोशल सिक्योरिटी की योजनाएं पहुंच पाती थीं। सरकार के प्रयासों ने निरंतता की वजह से आज करीब 95 करोड़ भारतीयों को सोशल सिक्योरिटी का अवार्ड मिला है।*

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में भारत का कड़ा रूख पेश किया है। बजट सत्र के दूसरे दिन कल आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा, जबकि केन्द्रीय बजट पहली फरवरी को पेश होगा।

————————————

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का आज बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि विमान बारामती हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय ने बताया कि विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। इनमें उपमुख्यमंत्री के साथ दो कर्मी और दो विमान कर्मी सदस्य

सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है। बाइट......

*महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अजीत पवार जी का एक प्लेन क्रैश होने की दुर्घटना में दुखद निधन का समाचार प्राप्त हुआ है। मैं इस अवसर पर स्वर्गीय अजीत पवार जी और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन करता हूं। स्वर्गीय अजीत पवार और उनके साथ दिवंगत हुए सभी पूर्णिया आत्माओं के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित कर करता हूं।*

बारामती विमान हादसे में जान गंवाने वालों में जानपुर निवासी पिंकी माली भी शामिल थीं। वह बतौर फ्लाइट अटेंडेंट विमान में मौजूद थीं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने 1052 करोड़ रुपये की 229 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के समग्रता, सतत विकास के भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर—शामली इकोनॉमिक कॉरिडोर पूर्वांचल के लिए विकास का कॉरिडोर साबित होगा। बाइट..

*हम लोगों ने कहा कि हर एक इंटरस्टेट कनेक्टिविटी, इंटरनेशनल कनेक्टिविटी वह फोर लेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी होनी चाहिए और मुझे अच्छा लगा कि सिद्धार्थनगर जनपद की कनेक्टिविटी को भी हम फोर लेन के साथ बेहतर तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। सिद्धार्थनगर जनपद में गोरखपुर सामली इकोनॉमिक कॉरिडोर यह भी बांसी, डुमरियागंज और इटवा तीन*

*विधानसभा क्षेत्रों को टच करते हुए एक एक नए विकास का कॉरिडोर बनने जा रहा है।*

कार्यक्रम में डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल, विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

———————————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ में सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य 3 करोड़ ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ना है। उन्होंने यूरोपीय संघ के साथ भारत के खुले व्यापार समझौते का स्वागत किया। बाइट......

*यूरोपीय यूनियन के साथ भारत की ओपन ट्रेड डील का ऐलान हुआ है। हम तो उत्तर प्रदेश की ओर से स्वागत करते हैं और हमारा प्रयास रहेगा कि यूरोप के बाजार जब भारत के लिए खुलेंगे तो उत्तर प्रदेश के समूहों के दीदियों के द्वारा जो उत्पाद तैयार हो, उसमें से भी कुछ बिकने के लिए जाए। इस प्रकार का आज हमने लक्ष्य यहां पर दिया है।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्रिय शासन और समय बद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी 50 वीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अपनी विशेष श्रृंखला मं हम आज उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग–2 के चकेरी से प्रयागराज खंड के 6–लेन सड़क निर्माण पर एक रिपोर्ट पेश कर रहे हैं।......

*पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग–2 और अब राजमार्ग–19 के चकेली इलाहाबाद खंड को छह लेन का बनाना भारत के सबसे महत्वपूर्ण परिवहन मार्गों से एक दिल्ली–कोलकाता स्वर्णिम चर्तुभुज को उन्नत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लगभग एक सौ 45 किलोमीटर का यह राजमार्ग उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर, फतेहपुर और कोशांबी जिलों से होकर गुजरती है और कानपुर और प्रयागराज जैसे प्रमुख औद्योगिक, व्यापारिक और तीर्थ स्थलों को जोड़ती है। इस परियोजना को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने प्रायोजित किया था और इसे मार्च 2017में मंजूरी मिली। इस राष्ट्र में को देखते हुए जुलाई 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में प्रगति मंच के तहत इसकी समीक्षा की गई। अंततरू यह परियोजना अगस्त 2024 में सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई । इस परियोजना की कुल लागत चार हजार आठ सौ पचास करोड़ रूपए से अधिक की रही। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

—————————————

थाईलैंड की महारानी चखुन सिनिनात वांग वजीरा पकडी आज 70 सदस्यीय दल केसाथ धार्मिक यात्रा पर

कुशीनगर पहुंचीं। दो दिवसीय यात्रा के दौरान कल वह महपरिनिर्माण मंदिर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर विशेष पूजा करेंगी। उसके बाद वह रामाभार स्तूप का पूजन वंदन कर लुंबिनी के लिए रवाना होंगी।

————————

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में आज यामानाशी प्रांत से आए जापानी प्रतिनिधिमंडल और प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश और जापान के बीच पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग को नया आयाम देने पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भारत और जापान के बीच संस्कृति एक ऐसा सेतु है, जो साझा जीवन मूल्यों, परंपराओं और बौद्ध विरासत पर आधारित है।

————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज लखनऊ में कृषि विभाग की हेल्पलाइन का शुभारंभ किया। कृषि मंत्री ने बताया कि हेल्पलाइन नम्बर 0522–2317003 की मदद से प्रदेश के किसान खेती से संबंधी समस्याओं और योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

————————

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई ज़िलों में कल रात से रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। संभलमें अत्यधिक वर्षा और शीतलहर के चलते कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल आज बंद रहे। अमरोहा में देर रात ओले गिरने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पीलीभीत में बीते दो दिनों में हुई बारिश से किसानों को राहत मिली है। पीलीभीत कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉक्टर शैलेंद्र सिंह ढाका ने कहा कि इस समय होने वाली बारिश फसलों के लिए लाभदायक है। बाइट.....

*यह वर्षा इस समय खेतों में खड़ी सभी फसलों के लिए बहुत अधिक लाभदायक है। जिसमें सबसे मुख्य गेहूं की फसल है, जिसमें किसानों के दूसरे या तीसरे पानी का समय हो रहा था। उन सबको इससे अत्यधिक लाभ होगा। इसके साथ–साथ लाही की फसल, मसूर की फसल, मटर की फसल सभी फसलों के लिए बहुत अच्छी है। कहीं–कहीं किसी स्थान पर यदि तेज हवा की वजह से थोड़े बहुत लाही या सरसों के पौधे झुक गए हैं। उसमें भी कोई इतनी बड़ी समस्या नहीं है।*

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के लिए घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)